# कार्यालय पुलिस उपायुक्त वरुणा जोन, पुलिस कमिश्नरेट वाराणसी

## प्रेस नोट

**दिनांक-27.05.2025**

**विषयः- नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित अभियुक्त कुलदीप कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार, अपहृता/पीड़िता सकुशल बरामद।**

श्रीमान पुलिस आयुक्त वाराणसी द्वारा गुमशुदा/अपहृता की बरामदगी तथा वांछित/फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, श्रीमान पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के निर्देशन में, श्रीमान अपर पुलिस उपायुक्त वरुणा ज़ोन के पर्यवेक्षण में व श्रीमान सहायक पुलिस आयुक्त कैण्ट के कुशल नेतृत्व मे थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस टीम द्वारा **"ऑपरेशन चक्रव्यूह"** के तहत मुखबिर की सूचना पर मु0अ0सं0-144/2025 धारा 137(2), 87 BNS थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी से सम्बन्धित नामजद वांछित अभियुक्त कुलदीप कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी म0नं0-165 अहलादे जगदीशपुर, मुस्लिमपुर, पोस्ट अकबरपुर जनपद अम्बेडनगर को आज दिनांक-27.05.2025 को समय करीब 13.20 बजे हुकुलगंज नईबस्ती के पास से गिरफ्तार करते हुए, पीड़िता/अपहृता की सकुशल बरामदगी की गयी। उक्त सम्बन्ध में थाना लालपुर पाण्डेयपुर पुलिस द्वारा अग्रेतर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**घटना का विवरण-** दिनांक 23.05.2025 को वादिनी मुकदमा/प्रार्थिनी ने प्रतिवादी कुलदीप कुमार द्वारा उनकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर ले जाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दिया, जिसके आधार पर थाना लालपुर पाण्डेयपुर में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। जिसकी विवेचना उ0नि0 श्रीराम उपाध्याय द्वारा सम्पादित की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-**

कुलदीप कुमार पुत्र मनोज कुमार निवासी- म0नं0165 अहलादे जगदीशपुर, मुस्लिमपुर, पोस्ट अकबरपुर जनपद अम्बेडनगर, उम्र करीब 26 वर्ष।

**गिरफ्तारी का स्थान, दिनांक व समय-**

हुकुलगंज नईबस्ती के पास से, दिनांक-27.05.2025 को समय करीब 13.20 बजे।

**बरामदगी का विवरण-** मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अपहृता/पीड़िता, उम्र 17 वर्ष बरामद।

**आपराधिक इतिहास-**

1- मु0अ0सं0 144/2025 धारा 137(2), 87 BNS थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।

**गिरफ्तारी/बरामदगी करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1. प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार सिंह थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
2. उ0नि0 श्रीराम उपाध्याय थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
3. का0 रवीन्द्र कुमार थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
4. का0 अमरेश यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।
5. म0का0 उषा यादव थाना लालपुर पाण्डेयपुर कमिश्नरेट वाराणसी।




**सोशल मीडिया सेल**
**पुलिस उपायुक्त**
**वरुणा जोन, कमिश्नरेट वाराणसी।**